चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch.Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सामान्य–08/1297
दिनांक : 18-01-2020

सेवा में,

समस्त
प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :– दिनांक 24.01.2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस को शपथ दिलाये जाने एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, मेरठ के पत्र संख्या 28/29–1265 दिनांक 04 जनवरी, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश से राष्ट्रीय मतदाता दिवस 24 जनवरी, 2020 को पूर्वान्ह 11:00 बजे समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों/कार्यालय में निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार शपथ दिलायी जानी है:–

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

"हम भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर **"No Voter to be left behind"** विषय पर विभिन्न कार्यक्रम (वाद–विवाद प्रतियोगिता, मॉक पोल्स, चित्रकाला प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता) आयोजित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

17-01-2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि:–

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
05. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
06. प्रभारी, वैबसाइट को सूचनार्थ।

कुलसचिव

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch.Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सामान्य–08 / 1297
दिनांक : 18-01-2020

सेवा में,

समस्त
संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / समन्वयक
निदेशक / विभागाधिकारी / अनुभागाधिकरी
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :– दिनांक 24.01.2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस को शपथ दिलाये जाने एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, मेरठ के पत्र संख्या 28 / 29–1265 दिनांक 04 जनवरी, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश से राष्ट्रीय मतदाता दिवस 24 जनवरी, 2020 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के स्वागति कक्ष में निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार शपथ दिलायी जानी है:–

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

"हम भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त शिक्षकगण / अधिकारीगण / कर्मचारीगण / छात्रगण निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार विश्वविद्यालय के पुस्तकालय प्रांगण में उपस्थित होने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त अध्यक्ष / महामंत्री, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद्, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से अनुरोध है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर **"No Voter to be left behind"** विषय पर विभिन्न कार्यक्रम (वाद–विवाद प्रतियोगिता, मॉक पोल्स, चित्रकाला प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता) आयोजित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

17-01-2020
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
03. अध्यक्ष / महामंत्री, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद्, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
05. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
06. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
07. समस्त उपकुलसचिव / सहा0कुलसचिव एवं प्रभारी, प्रशासन के सूचानर्थ।
08. प्रभारी, वैबसाइट को सूचनार्थ।

कुलसचिव